भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2557**

जिसका उत्तर सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया गया

**शून्य शेष राशि वाले जन धन खाते**

†2557.श्रीमती बाग मिताली:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रारंभ से लेकर अब तक शून्य रुपए शेष वाले जन धन खातों (जेडीए) की वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उन जन धन खातों की श्रेणी-वार कुल संख्या कितनी है जिनमें 100 रुपए, 200 रुपए, 500 रुपए और 1000 रुपए से कम की राशि जमा है;

(ग) शून्य शेष राशि वाले उन जन धन खातों की कुल संख्या कितनी है जो महिलाओं से संबंधित हैं; और

(घ) प्रारंभ से लेकर अब तक 18-30, 31-65 और 66 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों से संबंधित उन जन धन खातों की श्रेणी-वार कुल संख्या कितनी है जिनमें शून्य शेष राशि है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): जन धन खातों (जेडीए), जिनमें खाता खोलने के आरम्भ से लेकर अब तक कोई शेष राशि नहीं है, की कुल संख्या से संबंधित आंकड़ों का रख-रखाव केन्द्रीय स्तर पर नहीं किया जाता है। तथापि, पिछले पांच वर्षों के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों (प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) से संबंधित आंकडे अनुबंध-I में दिए गए हैं।

(ख): 100 रुपये, 200 रुपये, 500 रुपये और 1000 रुपये से कम की राशि जमा वाले कुल जेडीए की संख्या से संबंधित श्रेणीवार आंकड़ों का रख-रखाव केंद्रीय रूप से नहीं किया जाता है।

(ग): सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में महिलाओं के कुल जेडीए की संख्या जिसमें शेष शून्य राशि है, 1,78,57,010 है (दिनांक 18.2.2026 की स्थिति के अनुसार)।

(घ): खातों के आरंभ होने से 18-30 वर्ष, 31-65 वर्ष और 66 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों से संबंधित शून्य शेष राशि वाले कुल जेडीए की संख्या से संबंधित श्रेणीवार आंकड़ों का रख-रखाव केंद्रीय रूप से नहीं किया जाता है।

*****

| दिनांक 9.3.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2557 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | बैंक (प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) | आरंभ से अब तक 0 रुपये की शेष राशि वाले कुल पीएमजेडीवाई खाते | | | | | |
| | | दिनांक 31.3.2021 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.3.2022 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.3.2023 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.3.2024 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.3.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 18.2.2026 की स्थिति के अनुसार |
| कुल | | 21,317,441 | 22,659,832 | 25,024,206 | 26,052,913 | 28,063,910 | 31,175,833 |
| *स्रोत: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक* | | | | | | | |

*****